No. of Printed Pages : 3

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – I)
# GENERAL STUDIES (PAPER – I)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) कुल **20** प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड–**अ** से **10** प्रश्न लघु उत्तरीय हैं, जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द–सीमा **125** हैं तथा खण्ड–**ब** से **10** प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनके **प्रत्येक** उत्तर की शब्द सीमा **200** निर्धारित हैं । प्रश्न **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(iv) प्रश्नों में इंगित **शब्द–सीमा** को **ध्यान** में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए **कोई** पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णत: **काट** दें ।

**Specific Instructions :**

(i) There are total **20** questions. Section – **A** consists of **10** short answer questions with word limit of **125 each** and Section – **B** consists of **10** long answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by **each** question/part is indicated against it.

(iv) Keep the **word limit** indicated in the questions in **mind**.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

## खण्ड – अ/SECTION – A

1. हड़प्पा सभ्यता काल में शहरी नियोजन पर टिप्पणी लिखिये । 8
Write a note on the town planning of Harappan Civilization period.

2. वर्ण व्यवस्था पर गाँधी के विचारों का मूल्यांकन कीजिये । 8
Evaluate the views of Gandhi on the Varna system.

3. इटली में फॉसीवाद के नेता मुसोलिनी की विदेश नीति पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए । 8
Write a critical note on the Foreign Policy of Musolini, the leader of Fascism in Italy.

4. भारत को एक संमिश्रित सांस्कृतिक समाज होने के लाभों का वर्णन कीजिए । 8
Describe the advantages of India being a composite culture society.

5. समकालीन भारत में प्रमुख महिला संगठनों के योगदानों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । 8
Critically examine the contributions of major women's organisations in contemporary India.

6. समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये कि क्या 'भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती हुई जनसंख्या है या जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण गरीबी है' । 8
Critically examine whether 'growing population is the main cause of poverty or poverty is the main cause of population increase in India'.

7. उत्तर प्रदेश को प्रमुख भौतिक प्रदेशों में विभाजित करते हुए इसके भॉबर और तॅराई क्षेत्रों की भौगोलिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए । 8
Divide Uttar Pradesh into major physical regions and describe the geographical features of Bhabar and Terai regions.

8. 'स्मार्ट सिटी मिशन' क्या है ? पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस योजना हेतु चुने गये नगरों की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 8
What is 'Smart City Mission' ? Discuss the main characteristics of cities of Eastern Uttar Pradesh selected under this scheme.

9. उ. प्र. के बुन्देलखण्ड पर्यटन सर्किट के प्रमुख पर्यटन स्थलों की अवस्थिति का वर्णन कीजिए। 8
Describe the location of major tourist places of Bundelkhand Tourist Circuit of U. P.

10. भारत के विशेष संदर्भ में सीमान्त (फ्रंटियर) और सीमा (बाउंडरी) का अन्तर स्पष्ट कीजिए । 8
Explain the difference between the frontier and the boundary with special reference to India.

## खण्ड – ब / SECTION – B

11. भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में पाश्चात्य प्रभावों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । 12
Critically examine the impacts of West on the field of Indian education.

12. भारत में गवर्नर जनरल लॉर्ड वेलेजली के काल में ब्रिटिश शासन के प्रसार की विवेचना कीजिये । 12
Discuss the expansion of British rule in India during Governor Generalship of Lord Wellesley.

13. जैकोबिन्स कौन थे ? फ्रांसीसी क्रान्ति में उनकी क्या भूमिका थी ? **12**
Who was Jacobins ? What were their role in the French Revolution ?

14. साम्प्रदायिकता के सन्दर्भ में राष्ट्र और नागरिकता के प्रत्यय का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये । **12**
Critically examine the concept of nation and citizenship in context of communalism.

15. उदारीकरण क्या है ? उदारीकरण ने भारतीय सामाजिक संरचना को किस प्रकार प्रभावित किया है ? **12**
What is Liberalization ? How is it affecting the Indian social structure ?

16. उत्तर प्रदेश में सिंचाई के साधनों में क्रमश: हो रहे परिवर्तनों को रेखांकित कीजिए । **12**
Underline the changes happening gradually in the sources of irrigation in U. P.

17. ज्वालामुखी के उद्गार के कारणों की विवेचना कीजिए तथा उसके लावा के निक्षेपण से बने स्थल-रूपों का वर्णन कीजिए । **12**
Discuss the causes of volcanic eruption and describe the land-forms formed by deposition of its lava.

18. हिन्द महासागर के संसाधनों के शोषण और उपयोग से जुड़ी विभिन्न पारिस्थितिकीय समस्याओं पर प्रकाश डालिये । **12**
Highlight the various ecological problems associated with the exploitation and utilization of resources from the Indian Ocean.

19. 'विपरीत प्रवास' क्या है ? कोविड – 19 लॉकडाउन के दौरान उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक व्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **12**
What is 'reverse migration' ? What was its impact on the economy and social order of Uttar Pradesh during the COVID – 19 Lockdown ?

20. उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में स्थल-रूपों को आकार प्रदान करने में हिमनदों की भूमिका का वर्णन कीजिए। **12**
Describe the role of Glaciers in shaping the land-forms in high mountain areas.

---